एक नजर में

ट्रेन की चपेट में आने से बुजूर्ग की मौत

बैतूल। रेल लाइन पर बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गया। मंडई खुर्द निवासी 50 वर्षीय मद्दा धुर्वे (पिता चैतु धुर्वे) की मौत हो गई। घटना बुधवार शाम को मानस नगर स्थित ऑयल मिल के पीछे रेलवे लाइन पार करते समय हुई। रेलवे लाइन पार करते समय मद्दा धुर्वे अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में उनका हाथ और शरीर का पिछला हिस्सा गंभीर रूप से कट गया। घटना की सूचना रेलवे कर्मचारियों ने देखकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को दी। आरपीएफ ने कोतवाली पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बरामद कर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जांच अधिकारी दीवान सिंह बनकर ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति कमजोर थी और वह अक्सर इधर-उधर घूमता रहता था। उन्होंने संभावना जताई कि रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इसे एक हादसा बताया है और मृतक के शरीर पर ट्रेन से टकराने के निशान भी मिले हैं।

10वीं के 15821 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

बैतूल। माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत गुरुवार को जिले में कक्षा 10वीं का संस्कृत विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 127 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 16260 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 15821 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 439 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 32 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा में 2 नकल प्रकरण बने। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई।

बाजार के पास खाली प्लाट में लगी आग

मुलताई। नगर में साप्ताहिक बाजार स्थल के पास खाली प्लाट में अचानक आग लग गई. जिससे बाजार में दुकान लगानें वाले व्यापारियों में हलचल मच गई। गुरूवार को बाजार का दिन होने से व्यापारी सुबह दस बजे तक पहुंचने ही वाले थे। आग लगने की सूचना मिलते ही नगरपालिका की फायर टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई गई।

तीन होटलों से घरेलू सिलेंडर जब्त

आमला। क्षेत्र में खाद्य विभाग द्वारा कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन एवं जिला अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा प्रशासन) शैलेंद्र बडोनिया के नेतृत्व में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने आमला शहरी क्षेत्र और बोरी खुर्द चौक स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशि भारतीय, शमीना कुमरे, संदीप पाटिल एवं पुरुषोत्तम भंडुरिया शामिल रहे। टीम ने आमला में संचालित सोनी किराणा तथा बोरी खुर्द स्थित राधा रमन रेस्टोरेंट और पंचशील फैमिली रेस्टोरेंट से दाल, घी, समोसे, बड़े, नमकीन एवं जलेबी सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भविष्य में स्वच्छता मानकों का पालन नहीं करने पर पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

डिजिटल जनगणना 2027 को लेकर जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न

नव भारत न्यूज

पांढुरना,19 फरवरी, आगामी जनगणना 2027 के सुचारू, प्रभावी एवं समयबद्ध संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला जनगणना समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक, तकनीकी एवं व्यवस्थागत बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि आगामी जनगणना भारत की अब तक की दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल जनगणना होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में, बिना किसी दबाव के तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित किया जाए। उन्होंने बताया कि जनगणना के दौरान यदि किसी प्रकार की तकनीकी अथवा अन्य समस्या उत्पन्न होती है तो उसका त्वरित समाधान डीआईएनआईसी के माध्यम से किया जा सकेगा।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने यह भी जानकारी दी कि जनगणना कार्य स्वयं गणना के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर नागरिक स्वयं अपना फॉर्म भर सकेंगे। इससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुगम एवं तकनीक आधारित होगी।

नेटवर्क की अनुपलब्धता वाले क्षेत्रों में ऑफलाइन मोड में जनगणना की जाएगी तथा नेटवर्क उपलब्ध होने पर डाटा को ऑनलाइन अपडेट किया जाएगा। जनगणना की समस्त जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

जिले की 147 पर्यवेक्षक एवं 863 प्रगणक करेन्गे गणना

बैठक में बताया गया कि पांढुर्णा जिले की 2 तहसील, 5 नगर एवं कुल 311 ग्रामों में 147 पर्यवेक्षक एवं 863 प्रगणकों की तैनाती की जाएगी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिनांक 26 दिसंबर 2025 को जनगणना से संबंधित पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है।

दो चरणों में कई जाएंगी गणना

जनगणना का कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा प्रथम चरण 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक, द्वितीय चरण 1 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक संपन्न होगा।

वीरान गांव भी माने जाएगा स्वतंत्र ब्लॉक

प्रशासनिक सीमाओं के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी दो गांवों की सीमा आपस में नहीं मिलेगी। वीरान (निर्जन) गांव को एक स्वतंत्र ब्लॉक माना जाएगा। जनगणना 2011 के अनुसार एक वार्ड को एक ब्लॉक के रूप में रखा जाएगा। जिस भवन की जनगणना की जाएगी, उस भवन पर जनगणना का सीरियल नंबर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाएगा।

अस्थायी कर्मचारियों नही करेंगे गणना

मानव संसाधन के संबंध में स्पष्ट किया गया कि जनगणना कार्य में केवल नियमित कर्मचारी ही सम्मिलित किए जाएंगे। अस्थायी रूप से विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को जनगणना कार्य में शामिल नहीं किया जाएगा।

कर्मचारियों को मिलेंगा 25 हज़ार का अतिरिक्त मानदेय

जिले के पांच नगरीय निकायों की जनगणना संबंधी जिम्मेदारी जिला शहरी विकास अभिकरण पांढुर्णा को सौंपी गई है। जनगणना कार्य में संलग्न कर्मचारियों को मानदेय के रूप में प्रथम चरण में ?9,000, द्वितीय चरण में ?16,000 तथा कुल मिलाकर ?25,000 का भुगतान किया जाएगा।

यह अधिकार रहे उपस्थित

बैठक में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी नीलमणि अग्निहोत्री, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण पांढुर्णा राजकुमार ईवनाती, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजहंस गोंडाने, जिला सांख्यिकी अधिकारी यशवंत वैद्य, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री एच.बी. हाण्डे, सहायक ई-गवर्नेंस मैनेजर श्रीमती टीना कडवे एवं जनगणना संबंधी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव पर आज आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में शहनाज अख्तर देंगी प्रस्तुती

कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आदित्य क्लब द्वारा की भव्य तैयारी

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,19 फरवरी, श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव पर आज 20 फरवरी को आदित्य क्लब द्वारा नगर पालिका मैदान पर आयोजित भव्य भजन संध्या कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर द्वारा अपने सहयोगी कलाकार साथियों के साथ प्रस्तुति देंगी। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को भव्य रूप देने जोर शोर से तैयारियां की है ।गौरतलब हो कि प्रतिवर्ष श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर्व पर पूरे देश की तरह ही महाराष्ट्र सीमा से लगे इस पांढुरना जिले में भी बड़े धूमधाम तथा भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री छत्रपति शिवाजी महाराज एवं जिले की प्रसिद्ध सामाजिक,धार्मिक संस्था आदित्य क्लब द्वारा श्री छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाने को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की है। आयोजन समिति के प्रवक्ता द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 20 फरवरी के शाम 7 बजे नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले प्रमुख नागपुर मार्ग पर नगर पालिका मैदान में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में देश की सुप्रसिध्द गायिका शहनाज अख्तर द्वारा अपने सहयोगी गीतकार मंडल द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी,जिसको लेकर आयोजन समिति द्वारा इस नगर पालिका मैदान पर जोर शोर से तैयारियां की गई है ।

मोही से पिसाटा एवं आष्टा से अमरावती मार्ग स्वीकृत

मुलताई। विधानसभा क्षेत्र में जनता की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा 14 करोड़ 61 लाख रुपए की लागत से दी सडके स्वीकृत कराई है।

बुधवार को प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में मुलताई विधानसभा में दो सड़कों को मंजूरी मिली द्य भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया बुधवार प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में बैतूल जिले आठ सड़कों के निर्माण की मंजूरी मिली है। जिसमे मोही से पिसाटा 8 किलोमीटर मार्ग के लिए 8 करोड़ 61 लाख एवं आष्टा से अमरावती घाट 2.20 किलोमीटर मार्ग के लिए 6 करोड रुपए की मंजूरी मिली। विधायक देशमुख ने बताया मोही से पिसाटा एंव आष्टा से अमरावती घाट मार्ग निर्माण के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से पक्की सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी।

उक्त दोनों सड़के निर्माण होने से ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि मोही सहित आसपास के ग्रामीणों को पिसाटा -बिरूल बाजार जाने के लिए मुलताई होकर बिरूल बाजार पिसाटा जाना पड़ता था, लेकिन अब मोही से पिसाटा मार्ग का निर्माण होने से मुलताई नहीं जाना पड़ेगा, सीधे मोही से पिसाटा पक्की सड़क निर्माण होने से आधी से अधिक दूरी कम हो जाएंगी, जिससे समय एवं ईंधन दोनों की बचत होगी। मोही से पिसाटा एवं आष्टा से अमरावती घाट सड़क निर्माण मंजूरी मिलने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, प्रभात पट्टन मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़, साईखेड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश हिंगवे ,भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों द्वारा विधायक देशमुख का आभार माना है।

रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया बुजूर्ग, मौत

बैतूल। रेल लाइन पर बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गया। मंडई खुर्द निवासी 50 वर्षीय मद्दा धुर्वे (पिता चैतु धुर्वे) की मौत हो गई। घटना बुधवार शाम को मानस नगर स्थित ऑयल मिल के पीछे रेलवे लाइन पार करते समय हुई। रेलवे लाइन पार करते समय मद्दा धुर्वे अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में उनका हाथ और शरीर का पिछला हिस्सा गंभीर रूप से कट गया। घटना की सूचना रेलवे कर्मचारियों ने देखकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को दी। आरपीएफ ने कोतवाली पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बरामद कर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जांच अधिकारी दीवान सिंह बनकर ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति कमजोर थी और वह अक्सर इधर-उधर घूमता रहता था। उन्होंने संभावना जताई कि रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इसे एक हादसा बताया है और मृतक के शरीर पर ट्रेन से टकराने के निशान भी मिले हैं।

नल कनेक्शन शुल्क माफी के लिए सौंपेगे ज्ञापन

पाथाखेड़ा। नगर क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत वसूले जा रहे नल कनेक्शन शुल्क और बढ़े हुए जलकर के विरोध में अब आमजन की नाराज़गी खुलकर सामने आने लगी है। आर्थिक मंदी और बढ़ती बेरोजगारी से जूझ रहे वार्डवासियों ने राहत की मांग करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के साथ मिलकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने का ऐलान किया है। पार्टी पदाधिकारी अजय सोनी एवं अजय सरनकर ने बताया कि पिछले दो महीनों से मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के तहत वार्ड-वार जनसंवाद और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें हजारों नागरिकों ने भाग लेकर जल शुल्क को जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताया। नागरिकों का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में नल कनेक्शन राशि जमा करना अधिकांश परिवारों के लिए संभव नहीं रह गया है। आप नेताओं के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला कलेक्टर को सौंपे जाने वाले ज्ञापन में नल कनेक्शन शुल्क पूर्णत: माफ करने तथा मासिक जलकर आधा करने की प्रमुख मांग रखी जाएगी। पार्टी ने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि मांगों की अनदेखी होने पर वार्डवासियों के साथ व्यापक जन-आंदोलन शुरू किया जाएगा।

मासिक बैठक में पंजीयन और नई समितियों के गठन पर लगी मुहर

मुलताई। नगर के सत्यनारायण मंदिर परिसर में बुधवार को मुलताई भार्गव सभा की मासिक संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में समाज के उत्थान, शिक्षा और संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभा के सचिव यश भार्गव ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भार्गव सभा का पंजीयन अब एमपी सोसाइटी एक्ट के तहत कराया जाएगा, जिससे संस्था को वैधानिक मान्यता प्राप्त होगी। समाज के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए तीन प्रमुख समिति पत्रिका समिति, विवाह परामर्श समिति और मीडिया टीम का गठन किया गया है। शिक्षा और समाज कल्याण पर जोर बैठक में अखिल भारतीय भार्गव सभा द्वारा संचालित छात्रवृत्ति शिक्षा ऋण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के फॉर्म वितरित किए गए। सदस्यों को निर्देश दिया गया है कि वे 5 मार्च तक फॉर्म जमा करवा दें,जिससे नए सत्र में विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। आगामी त्योहारों को देखते हुए समाज द्वारा 4 मार्च 2026 को भव्य होली एवं रंगपंचमी मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

अंबुजा सीमेंट ने आधुनिक पद्धतियों के माध्यम से ठेकेदार के साइट सपोर्ट को किया मजबूत

बैतूल। वैश्विक स्तर पर भवन निर्माण सामग्री समाधान प्रदान करने वाली 9वीं सबसे बड़ी कंपनी और विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स मध्यप्रदेश में स्थानीय निर्माण पेशेवरों को ऑन-साइट सेवाओं और तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान कर निर्माण गुणवत्ता को लगातार बेहतर बना रही है। बैतूल जिले के चिचोली क्षेत्र में महेश यादव एक छोटे स्तर के मिस्त्री से आगे बढ़कर आज 14 सक्रिय निर्माण साइटों का संचालन करने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदार बन चुके हैं। यह सफलता उनकी मेहनत और आधुनिक निर्माण पद्धतियों से मिले अनुभव का परिणाम है। महेश यादव के जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात अंबुजा सीमेंट्स के एक इंजीनियर से हुई, जिन्होंने उन्हें बांध निर्माण तकनीकों के बारे में बताया और प्रशिक्षण सत्रों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इन कार्यशालाओं से उनकी तकनीकी समझ बढ़ी और परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गुणवत्ता में सुधार हुआ। आज महेश यादव अपने सभी प्रोजेक्ट्स में अंबुजा सीमेंट्स के उत्पादों का उपयोग करते हैं और विशेष रूप से स्लैब कार्य के लिए अंबुजा कवच को प्राथमिकता देते हैं। उनकी लेबर्स की टीम को अंबुजा सीमेंट्स के इंजीनियरों द्वारा स्लैब कास्टिंग, भूकंप-रोधी स्टील बांधाई और इंस्टेंट मिक्स प्रपोर्शन जैसी तकनीकों पर साइट पर ही प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे निर्माण की मजबूती और एकरूपता सुनिश्चित होती है। गुणवत्ता आधारित कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले महेश यादव अपनी सफलता का श्रेय अंबुजा सीमेंट्स को देते हैं।

जिलेभर में धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

बैतूल। गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला क्षत्रिय मराठा समाज और क्षत्रिय लोणारी कुंबी समाज संगठन द्वारा शहर में अलग-अलग स्थानों पर भव्य कार्यक्रमों और रैलियों का आयोजन किया गया। दोनों संगठनों द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम और शोभायात्राएं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो चुकी हैं और कार्यक्रमों के जरिए समाजजनों को शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया है। क्षत्रिय मराठा समाज, बैतूल द्वारा सबसे पहले

शिवाजी महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर का भ्रमण करते हुए बैतूल गंज स्थित राधा कृष्ण धर्मशाला पहुंची। धर्मशाला में समाज के लोगों के लिए मंचीय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं, क्षत्रिय लोणारी कुंबी समाज संगठन ने सेवा कार्य के साथ अपने कार्यक्रमों की शुरुआत की। समाज के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों और उनके परिजनों को अंकुरित आहार का वितरण किया। इसके बाद छत्रपति शिवाजी सांस्कृतिक भवन से एक विशाल रैली निकाली गई। सांस्कृतिक भवन से शुरू हुई यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शिवाजी चौक पहुंची। यहां समाजजनों ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद रैली का समापन ऑडिटोरियम में हुआ, जहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में क्षत्रिय लोणारी कुंबी समाज संगठन के जिलाध्यक्ष प्रवीण ठाकरे, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बारस्कर, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत वागद्रे और पूर्व संगठन अध्यक्ष दिनेश महस्की विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि, शिवाजी महाराज का जीवन पराक्रम, संगठन और स्वाभिमान की मिसाल है, जिससे हर पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

प्रतियोगिता अहमदाबाद में 14 से 18 फरवरी तक आयोजित वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता

वेस्टर्न रीजनल मुकाबले में बैतूल जिले के दो युवाओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

बैतूल। अहमदाबाद में 14 से 18 फरवरी तक आयोजित वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता के वेस्टर्न रीजनल मुकाबले में बैतूल जिले के दो युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है।

शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था प्राचार्य अजीश पंद्रे ने बताया कि कु. पूर्वी चौहान, जो वर्तमान में इंदौर में एनीमेशन पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रही हैं, ने गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई बैतूल के फ्लोरीकल्चर एंड लैंडस्केपिंग ट्रेड के छात्र आयुष इवने ने सिल्वर मेडल हासिल किया। गोल्ड मेडल

विजेता को 75 हजार रुपए और सिल्वर मेडल विजेता को 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वेस्टर्न रीजन में गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं दमन दीव के प्रतिभागी शामिल हुए। संस्था प्राचार्य श्री पंद्रे ने बताया कि वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता विश्व स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित कौशल स्पर्धा है। इसे वर्ल्ड स्किल इंटरनेशनल द्वारा आयोजित किया जाता है। इसे स्किल का ओलंपिक भी कहा जाता है, इसका उद्देश्य युवाओं में व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देना है। जिला स्किल समन्वयक श्री सोनू लिल्होरे ने बताया कि फ्लोरिस्ट्री स्किल में प्रतिभागियों को निर्धारित समय सीमा में थीम आधारित पुष्प सज्जा, वेडिंग बुके निर्माण, सजावटी इंस्टॉलेशन, रचनात्मक डिजाइन तथा तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन करना होता है।

विशेष गौरव की बात यह है कि दोनों प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नई दिल्ली जाने का अवसर प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है। नोडल प्राचार्य शुभम वानखेड़े ने बताया कि यह सफलता बैतूल जिले के युवाओं के लिए एक संदेश है कि समर्पण परिश्रम और उचित मार्गदर्शन से वैश्विक मंच तक पहुंचना संभव है यह उपलब्धि जिले और प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है तथा कौशल आधारित शिक्षा की महत्व को दर्शाती है। प्रतिभागियों को संस्था प्राचार्य अजीश पंद्रे, नोडल प्राचार्य शुभम वानखेड़े, जिला स्किल समन्वयक सोनू लिल्होरे, वरिष्ठ प्रशिक्षक अधिकारी दिलीप कुमार सोनी, रेवाशंकर पंडाग्रे, श्रीमती पुष्पा नागले, श्रीमती विनीता पाटिल, फ्लोरीकल्चर ट्रेड के प्रशिक्षक दिलीप बेल एवं सोनू मराठा सहित समस्त स्टाफ ने बधाई दी है।

सदस्यता निधि एकत्रित करने में मुलताई अव्वल

मुलताई। आजीवन सदस्यता निधि जमा करने के अभियान में बैतूल जिले में मुलताई नगर मंडल अव्वल रहा द्य आजीवन सदस्यता निधि अभियान में अव्वल आने पर बैतूल में मुलताई नगर मंडल को सम्मानित किया गया।

भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणास्रोत, अंत्योदय के प्रणेता, एकात्म मानववाद के प्रवर्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के अवसर पर 11 फरवरी 2026 से चलाए जा रहें आजीवन सदस्यता निधि वार्षिक अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक बैतूल में आयोजित की गई। बैठक में बताया भारतीय जनता पार्टी मंडल मुलताई ने संगठनात्मक निष्ठा, समर्पण और टीम भावना का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आजीवन सदस्यता निधि अभियान के अंतर्गत सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से 3 लाख 1हजार 1रुपए आजीवन सदस्यता निधि एक ही दिन में व्यापक रूप से एकत्रित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुलताई मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने अपने पूर्व के 2 लाख ,23 हजार रुपए के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए संगठनात्मक क्षमता का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस उपलब्धि पर भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह, कृष्णा गायकी एवं डॉ महेंद्र चौहान और आजीवन सदस्यता निधि अभियान के जिला संयोजक दीपू सालोजा एवं सहसंयोजक महेश्वर चंदेल एवं प्रशांत गावंडे द्वारा भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार मुलताई एवं भाजपा नगर मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी को सम्मानित किया गया। इस समर्पण निधि अभियान की सफलता में भाजपा मंडल मुलताई अध्यक्ष गणेश साहू, अभियान के मंडल संयोजक उपेंद्र पाठक तथा सहसंयोजक निलेश चावरिया की अहम भूमिका रही। जिनके कुशल नेतृत्व, सतत मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से मंडल ने निर्धारित लक्ष्य को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के अवसर पर एक ही दिन में पूर्ण कर जिले में प्रथम स्थान अर्जित किया।